**खबर संक्षेप**

## पोषण ट्रेकर संबंधी कार्यशाला हुई आयोजित

**मण्डला।** संचालनालय महिला एवं बाल विकास भोपाल के निर्देशानुसार तथा सहायक संचालक रोहित बड़कुल के मार्गदर्शन में पोषण ट्रेकर ऐप में बच्चों के शारीरिक माप से संबंधित आंकड़ों के विश्लेषण एवं सुधारात्मक कार्यवाही हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के मुख्य बिन्दु 30 जून को संचालनालय भोपाल में आयोजित कार्यशाला से लिए गए। कार्यशाला में परियोजना अधिकारी श्रीमती मनीषा तिवारी के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। उक्त प्रशिक्षण में जिले के समस्त परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक एवं ब्लॉक समन्वयक उपस्थित रहे।

## श्रीमती लीलावती राउत का दुखद निधन



**मण्डला।** श्रीमती लीला वती राउत का दुखद निधन हो गया है। वे श्रीमती निहार बाला रॉय (मिली) की पूज्य माता एवं रंजीत रॉय (संचालक रोनित खाना खजाना)की सास थीं। उनका अंतिम संस्कार 3 जुलाई 2025 को प्रातः 11 बजे खैरी मुक्तिधाम में संपन्न होगा। अंतिम यात्रा उनके निज निवास, रोनित खाना-खजाना के पीछे स्थित घर से प्रस्थान करेगी। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे और शोक संतप्त परिवार को यह असीम दुःख सहन करने की शक्ति दे।

### एसडीएम सोनाली देव की सख्त कार्यवाही-विद्यानिकेतन स्कूल ककैया सील

# निजी स्कूलों की मान्यता प्रक्रिया पर उठे सवाल

*** जिला शिक्षा केन्द्र द्वारा दी गई थी मान्यता।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

विकासखंड बिछिया अंतर्गत ग्राम ककैया में संचालित विद्यानिकेतन स्कूल में शैक्षणिक और संरचनात्मक मानकों के उल्लंघन के मामले में बुधवार को एसडीएम सोनाली देव द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गंभीर खामियाँ पाए जाने पर विद्यालय को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया।

निरीक्षण में यह सामने आया कि विद्यालय का भवन अत्यंत जर्जर अवस्था में है और शौचालयों की स्थिति भी स्वास्थ्य और स्वच्छता मानकों के विपरीत पाई गई। इसके अतिरिक्त, विद्यालय शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीआई) के तहत निर्धारित अनिवार्य मापदंडों का भी अनुपालन नहीं कर रहा था।





### मान्यता प्रक्रिया पर उठे सवाल

सूत्रों की मानें तो विद्यानिकेतन स्कूल को जिला शिक्षा केंद्र द्वारा मान्यता प्रदान की गई थी, जिसमें विद्यालय को आरटीई मानकों के अनुकूल बताया गया था। लेकिन एसडीएम के निरीक्षण में सभी दावे असत्य निकले। इससे यह संदेह गहराया है कि क्या यह मान्यता विभागीय सांठगांठ के तहत बिना उचित जांच के जारी की गई थी?

यदि विद्यालय वर्तमान में सील किया गया है, तो सवाल उठता है कि मान्यता के समय क्या विभागीय अधिकारियों ने उचित निरीक्षण किया था, या फिर नियमों की अनदेखी कर विद्यालय को अनुमति प्रदान की गई थी। विभागीय जानकारी अनुसार बीआरसी बिछिया की अनुसंशा पर मार्च - अप्रैल 2025 मे इस स्कूल को मान्यता दी गयी थी।

एसडीएम सोनाली देव द्वारा की गई यह त्वरित और सख्त कार्यवाही क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। स्थानीय नागरिकों व अभिभावकों द्वारा इस कार्यवाही का समर्थन किया जा रहा है। इसके साथ ही जिले के अन्य निजी विद्यालयों की मान्यता प्रक्रिया की भी जांच की माँग उठ रही है।

जागरूक नागरिकों का कहना है कि यदि इसी प्रकार जिले में संचालित अन्य निजी स्कूलों की जांच की जाए तो कई विद्यालयों की असलियत सामने आ सकती है, जो कि आरटीई नियमों का उल्लंघन कर संचालन कर रहे हैं, और जिन्हें विभागीय संरक्षण के चलते अनुचित रूप से मान्यता प्राप्त है।

इस पूरे घटनाक्रम ने निजी स्कूलों की मान्यता प्रणाली और विभागीय पारदर्शिता पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। जिला प्रशासन से अपेक्षा की जा रही है कि वह इस मामले को केवल एक कार्रवाई तक सीमित न रखते हुए जिले भर के निजी स्कूलों की व्यापक और निष्पक्ष जांच कराए।

### इनका कहना है -

*विद्या निकेतन स्कूल ककैया का निरीक्षण एसडीएम महोदया जी द्वारा किया गया, जिसमें विद्यालय द्वारा आरटीई नियमों का उल्लंघन पाया गया। इस पर एसडीएम मैडम की उपस्थिति में विद्यालय को सील किए जाने की कार्रवाई की गई।*

***कुलदीप कठल***
***बीईओ, बिछिया***

## महर्षि विद्या मंदिर मंडला में स्काउट एवं गाइड विंग का शुभारंभ



*** बच्चों ने किया पौधारोपण।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

महर्षि विद्या मंदिर, मंडला में दिनांक दो जुलाई को कक्षा तीसरी से दसवीं तक के छात्र-छात्राओं के लिए स्काउट एवं गाइड विंग का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने लगभग पचास पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वंदना गुप्ता, कार्यालय सहायक आयुक्त एवं पदेन जिला कमिश्नर स्काउट, जनजाति कार्य विभाग रहीं। उनके साथ स्काउट एंड गाइड जिला मुख्य आयुक्त डॉ. संजय तिवारी, कब कमिश्नर अखिलेश चंदरौल, अध्यक्ष अजय खोत, उपाध्यक्ष गीता कालपीवार, जिला उपाध्यक्ष डॉ. उपेंद्र शुक्ला, उपाध्यक्ष डॉ. स्वल्पा बड़गैया, उपाध्यक्ष सुरेश चौधरी सहित अन्य सदस्य एवं स्काउट-गाइड बच्चे उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि वंदना गुप्ता ने स्काउट एवं गाइड में शामिल सभी बच्चों को शुभकामनाएं दीं। जिला स्काउट प्रभारी दिनेश दुबे ने बच्चों को स्काउट एवं गाइड के नियमों की जानकारी दी तथा शीघ्र ही कैंप आयोजन कराने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान रोटरी मंडला के अध्यक्ष प्रसन्न सराफ, सचिव सुरेश चौधरी, कोषाध्यक्ष मुकेश जैन, एवं रोटेरियन गीता कल्पीवार उपस्थित रही। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. उपेंद्र शुक्ला ने सभी अतिथियों का स्वागत साल, श्रीफल एवं पौधे भेंट कर किया। इस अवसर पर स्काउटर एंड गाइडर पंकज तिवारी, रेनू कछवाहा, वीरेंद्र कोस्टि, पूजा पटैल, आरती पटैल, सागर पटवा सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य डॉ. उपेंद्र शुक्ला के जन्मदिन पर सभी ने उन्हें दीर्घायु जीवन की शुभकामनाएं भी दीं। आयोजन उत्साह, अनुशासन और सेवा भावना के साथ सम्पन्न हुआ।

## शासकीय आईटीआई मंडला में अप्रेंटिसशिप मेला संपन्न

**मण्डला।** शासकीय आईटीआई मंडला में टाटा मोटर्स सांणद गुजरात के लिए अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया गया। इस मेले में सभी 10वी, 12वी, आईटीआई पास एवं आईटीआई के फाइनल ईयर के अभ्यर्थी सम्मिलित हुये। मेले में 120 अभ्यर्थियों ने पंजीयन कराया जिसमें 103 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को कंपनी द्वारा स्टायपेंड, फ्री कैन्टीन एवं अन्य सुविधाएं दी जायेंगी। इस प्लेसमेंट ड्राइव में प्राचार्य आर.एस. वरकडे, टीपीओ आनंद मरावी, टीइओ वैशाली कामड़े एवं अन्य स्टॉफ उपस्थित रहे।

# सीएम राइज स्कूल निर्माण से सड़क बनी दलदल, छात्रों की शिक्षा प्रभावित

*** ठेकेदार की लापरवाही से कीचड़ में तबदील हुई सड़क, आवागमन हुआ मुश्किल।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

सब पढ़ें, सब बढ़ें का नारा देकर सरकार बच्चों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित कर रही है, जिससे वे अपना मनोबल ऊंचा रखकर सफलता की सीढ़ियां चढ़ सकें। हालांकि नारायणगंज के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला टिकरिया में सीएम राइज स्कूल के निर्माण कार्य के चलते बच्चों की पढ़ाई में बड़ी बाधा आ रही है। पिछले दो वर्षों से चल रहे इस निर्माण कार्य के दौरान, ठेकेदार की कथित लापरवाही से स्कूल आने-जाने वाला रास्ता कीचड़ और दलदल में बदल गया है। बारिश के इस मौसम में सड़क की स्थिति और भी बदतर हो गई है, जिससे छात्र-छात्राओं और शिक्षकों का स्कूल तक पहुंचना बेहद मुश्किल हो गया है। उन्हें लगातार यह डर सताता रहता है कि इस कीचड़ के कारण कोई अनहोनी न घटित हो जाए। साथ ही स्कूल परिसर में भी हर तरफ कीचड़ फैल रहा है।



जानकारी अनुसार सड़क के कीचड़ में बदलने का मुख्य कारण ठेकेदार के भारी-भरकम वाहनों का लगातार आना-जाना और उसकी घोर लापरवाही है। निर्माण कार्य के दौरान ठेकेदार द्वारा न तो सड़क पर मुर्रम बिछाई गई और न ही डस्ट डाली गई, जिससे कीचड़ को रोका जा सके। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ठेकेदार केवल अपनी जेब भरने में व्यस्त है और उसे छात्रों की परेशानी की कोई परवाह नहीं है।

बताया गया कि पिछले वर्ष भी प्रधानाध्यापक द्वारा ठेकेदार को रास्ते की मरम्मत करने या उसे आने-जाने लायक बनाने की हिदायत दी गई थी, जिससे कीचड़ की समस्या न हो। लेकिन ठेकेदार ने इन निर्देशों को नजरअंदाज करते हुए केवल अपने पैसे बचाने पर ध्यान दिया। आज भी ठेकेदार के ट्रक, ट्रैक्टर और इंजीनियरों की गाड़ियां लगातार इस रास्ते से गुजरती हैं, लेकिन उसने इस कीचड़ भरी दलदल को साफ कराने या मुरम डालने का कोई प्रयास नहीं किया है। जिसके कारण छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को बड़ी मुश्किलों का सामना करते हुए स्कूल पहुंचना पड़ रहा है। पंचायत की रोड भी पूरी खराब हो चुकी है जिसके कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और पंचायत की जो रेलिंग है वह भी कम राइस के ठेकेदार द्वारा उनके कर्मचारियों द्वारा तोड़ दी गई है जिससे लोगों को बहुत परेशानी हो रही है अगर शीघ्र इसकी पर कोई कार्रवाई नहीं की गई तो वहां की जनता मजबूरी बस उनके उनके खिलाफ आगे कार्रवाई करने में मजबूर होगी इस गंभीर समस्या पर संबंधित अधिकारियों का ध्यान नहीं है।

## शिशु मंदिर स्कूल के बच्चे खुले मैदान में पढ़ने को मजबूर



**मण्डला।** महराजपुर संगम घाट में सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल है। जो वर्षों से संचालित किया जा रहा है। स्कूल के बाजू से ही एक मंदिर है मंदिर में पहले बहुत ही श्रद्धा भाव के साथ श्रद्धालु जाते थे पूजा पाठ हवन भंडारा राम धुन,रामायण पाठ किया करते थे।जब यहां पर कोई बाबा आए है सब बन्द हो गया है। मंदिर के साथ स्कूल भवन व भूमि पर स्वयं का अधिकार बताते हुए स्कूल में ताला लगा दिया जाता है आज भी स्कूल में ताला लगा दिया गया बच्चों को बाहर सड़क पर बैठना पड़ा जब राजस्व की टीम आई तब पंचनामा तैयार कर स्कूल को खोला गया। जबकि महराजपुर के सभी लोग जानते है स्कूल की उक्त भूमि प्रतिष्ठित व्यवसायी श्री रति राम जी के द्वारा दान दी गई थी।फिर कैसे बाबा के द्वारा स्कूल भवन व भूमि में अपना कब्जा जमाते हुए स्कूल में बार बार ताला लगा दिया जाता है।गौर करने वाली बात है कि माननीय न्ययालय के द्वारा बाबा के पक्ष में ही सुनवाई हुई है। कैसे कागज तैयार हो गए जांच का विषय है । महराजपुर के सभी सम्मनिय आगे आए और विद्या के मंदिर को बचाने में सहयोग करे। नव निहालो के भविष्य की बात है।

**समीक्षा** | **विवेचना में तकनीकी संसाधनों का उपयोग करने के निर्देश।**

# पुलिस अधीक्षक ने की अपराधों की समीक्षा

*** अपराधियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा द्वारा कल पुलिस नियंत्रण कक्ष, मण्डला में मासिक अपराध समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस (SDOP), डीएसपी, थानों व चौकियों के प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक में जिले में घटित अपराधों की विस्तृत समीक्षा करते हुए कई अहम दिशा-निर्देश जारी किए गए।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि थाने पर आने वाले प्रत्येक शिकायतकर्ता की बात पूरी संवेदनशील से सुना जावें तथा समयबद्ध व विधिसम्मत कार्रवाई करें। नाबालिग गुमशुदा बालकों/बालिकाओं के मामलों में त्वरित दस्तयाबी सुनिश्चित करने तथा पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान में सक्रिय भागीदारी के निर्देश भी दिए। गुंडे, बदमाश एवं आदतन अपराधियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने के साथ ही उनकी हिस्ट्रीशीट अद्यतन रखने के निर्देश दिए गए। बैठक में लंबित गंभीर अपराधों की विवेचना, माननीय न्यायालय से प्राप्त ऑनलाईन वारंटो, लंबित वारंटों, लंबित मर्ग एवं अपराधों की समीक्षा तथा सीएम हेल्पलाइन, वरिष्ठ कार्यालयों एवं जनसुनवाई से प्राप्त शिकायतों की समीक्षा कर शीघ्र निराकरण के निर्देश दिये। तकनीकी संसाधनों के उपयोग पर बल देते हुए एसपी ने CCTNS, ICJS, ई-रक्षक ऐप एवं iRAD (Integrated Road Accident Database) पोर्टल, माइक्रो बीट प्रणाली के प्रभावी उपयोग के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रात्रिकालीन गश्त के दौरान ई-रक्षक का उपयोग अनिवार्य रूप से की जाए तथा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु iRAD पर समयबद्ध डेटा एंट्री और विश्लेषण किया जाए। पुलिस अधीक्षक ने हॉटस्पॉट क्षेत्रों में जनसहयोग से CCTV कैमरों की संख्या बढ़ाने, पुलिस पाइंट लगाने और जनसहयोग से निगरानी तंत्र मजबूत करने पर विशेष बल दिया।




उन्होंने अवैध शराब, जुआ, सट्टा, मादक पदार्थ, अवैध खनन एवं भू-माफिया जैसे संगठित अपराधों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश देते हुए कहा कि इन गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए जिले में अपराध के प्रति "जीरो टॉलरेंस" नीति अपनाई जाए। साथ ही फरार आरोपियों एवं स्थायी वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान भी चलाया जाए।

बैठक के दौरान सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में फ्लूड/जलभराव, नदी-नालों के किनारे बसे गांवों, जलप्लावन संभावित क्षेत्रों तथा संवेदनशील स्थलों की विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। बारिश के दौरान होने वाली आपातकालीन स्थितियों के लिए थाना स्तर पर त्वरित रेस्पांस की योजना तैयार रखें। जलभराव की स्थिति में मार्ग अवरोधन, बैरिकेड्स व डायवर्जन की व्यवस्था पुलिस द्वारा तत्परता से की जाए और स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर राहत कार्यों में सक्रिय सहयोग दिया जाए।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मण्डला पुलिस का उद्देश्य जनता में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना। तकनीक, संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई के समन्वय से पुलिस प्रशासन अपराध नियंत्रण एवं न्याय सुनिश्चित करने हेतु प्रतिबद्ध है।

## जिला कांग्रेस ने पुलिस अधीक्षक को दिया ज्ञापन

*** जीतू पटवारी पर दर्ज एफ आई आर हटाने की मांग।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



पुलिस थाना मुंगावली जिला अशोकनगर में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओ के अन्तर्गत झूठे तथ्यों के आधार पर एफआईआर क्रमांक 0233 दिनांक 27.06.2025 दर्ज की गई है जिसमें उल्लेखित किया गया है कि गजराज लोधी एवं रघुराज लोधी निवासी ग्राम मुडरा थाना मुंगावली जिला अशोकनगर के साथ सरपंच के पुत्र विकास एवं उनके साथियों द्वारा दोनो लोधी भाईयों के साथ मारपीट की गई है उनकी मोटर साईकिल छीन ली गई है, उक्त घटना के संबंध में दिनांक 25.06.2025 को. प्रदेश अध्यक्ष श्री पटवारी के ओरछा दौरा कार्यक्रम के दौरान भेंट कराई गई जिसमें आरोप लगाया गया कि श्री पटवारी ने गजराज लोधी एवं रघुराज लोधी पीड़ित भाईयों को यह समझाया कि यह कहना कि तुम्हे मारपीट के साथ-साथ मानव मल भी खिलाया गया है, यदि ऐसा कहोगे तब मोटर सायकिल भी दूंगा तथा परिवार का ध्यान भी रखूंगा । उक्त घटनाक्रम के वार्तालाप को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा घटना के विवरण का वीडियो वायरल किया गया।

उपरोक्त घटनाक्रम का वीडियों वायरल होने पर जिला कलेक्टर अशोकनगर द्वारा पीड़ित लोधी बंधुओं को तलब किया गया एवं मानव मल खिलाने की शर्मनाक घटना से उनके जिले की बदनामी रोकने के उद्देश्य से डरा धमकाकर पीड़ित व्यक्तियों से शपथ पत्र लिया गया जिसमें उपरोक्त घटनाक्रम के संबंध में लिखा गया जो कि पुलिस में दर्ज एफआईआर में उल्लेखित है। आश्चर्य की बात यह है कि उन परिस्थितियों की जांच होनी चाहिए कि 25.06.2025 को पीड़ित व्यक्तियों द्वारा प्रदेश अध्यक्ष को अपनी शिकायत दर्ज कराई हो और उसके दूसरे दिन 26.06.2025 को वह बिना किसी कारण के कैसे कलेक्टर अशोकनगर को शपथ पत्र दे सकते है कि मानव मल खिलाने का स्टेटमेंट प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी जी के कहने पर दिया गया है यह राजनीतिक द्वेष भावना से किये जाने वाला षडयंत्र है।

जिला कांग्रेस कमेटी मंडला की ओर से निवेदन किया गया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी के विरूद्ध पुलिस थाना मुंगावली जिला अशोकनगर में दर्ज झूठी एफआईआर क्रमांक 0233 दिनांक 27.06.2025 को निरस्त किया जावे तथा प्रदेश में कानून व्यवस्था को उचित ढंग से प्रभावशील किया जावे जिससे कि भविष्य में प्रदेश की जनता के साथ होने वाली अनाचार एवं अत्याचार की घटनाओं को रोका जा सके जो कि न्यायोचित होगा।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष एड राकेश तिवारी, विधायक नारायण सिंह पट्टा, विधायक चैन सिंह बरकड़े, पूर्व विधायक डॉ अशोक मर्सकोले, शहर कांग्रेस अध्यक्ष एड रजनीश रंजन उसराठे, वरिष्ठ कांग्रेसी अमित शुक्ला,वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र राजपूत, सुभाष नामदेव, जयेंद्र चौधरी, अखिलेश कछवाहा, बब्बी राय, जीतराज कछवाहा, हमराज अख्तर, अमित पांडे, लक्ष्मण सिंगौर, विनोद चौधरी, राहुल श्रीवास, लखन ठाकुर, दीपक बैरागी, सोमवती धुर्वे, नीलू शुक्ला,डॉ भारती तिलगाम, धनेश्वरी मसराम, पूजा शिवांशी, मीडिया विभाग से आलोक पटेल उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### खुलरी सहित क्षेत्र के गांवों में बिजली की अघोषित कटौती के चलते हो रहे लोग परेशान

**हरिभूमि न्यूज/खुलरी।** जहां एक ओर प्रदेश सरकार द्वारा बिजली कटौती न करने के लिये लगातार बिजली विभाग के अधिकारियों के निर्देश दिये जा रहे है। मगर इसके बाद भी बिजली विभाग के अधिकारियों की मनमानी के चलते लोगों के अघोषित बिजली कटौती का सामना करने के लिये मजबूर होते हुये देखा जा रहा है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो इस समय चल रहे बारिश के मौसम में हो रही बिजली कटौती के चलते जहां लोग उमस भरी गर्मी से परेशान होने के साथ साथ निकल रहे जहरीले कीडों का शिकार होने से नही बच पा रहे है? इस प्रकार से खुलरी सहित क्षेत्र के अनेक गांवों में हो रही बिजली की अघोषित कटौती के चलते लोगों का बिजली विभाग के अधिकारियों के खिलाफ आक्रोश बढ़ते हुये दिखाई देने लगा है? क्योंकि रात के समय होने वाली इस बिजली कटौती के संबंध में जब अधिकारियों से संपर्क किया जाता है तो उनके द्वारा अपना फोन उठाना भी उचित नही समझा जाता है, इस बात की सच्चाई बीते दिवस उस समय देखने मिली जब खुलरी स्थित पावर हाऊस तक तो बिजली सप्लाई चल रही थी, मगर खुलरी सहित क्षेत्र के अनेक गांवों की अचानक बिजली बंद रहने के कारण सारी रात लोगों को अंधेरे में अपनी रात काटने के लिये मजबूर होना पड़ा, इस प्रकार से बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा अपनाई जा रही तानाशाही पूर्ण कार्य प्रणाली के चलते प्रदेश सरकार द्वारा लोगों को बिजली उपलब्ध कराने में असफल रहने वाली 15 वर्ष पहले की छबि को याद दिलाने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है?

### नगर के दूर संचार केन्द्र में लगे मधुमक्खी के छित्तनों से फैल रही दहशत

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** इस समय जहां एक ओर बीएसएनल के उपभोक्ता खस्ताहाल हो रही नेटवर्क व्यवस्थाओं के चलते परेशान हो ही रहे है साथ ही साथ दूर संचार केन्द्र में अन्य फैली हुई व्यवस्थाओं से भी उपभोक्ताओं को संतुष्ट होते हुए नही देखा जा रहा है? क्योंकि इस समय यदि दूसर संचार केन्द्र में देखा जावे तो देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भले ही संपूर्ण देश में स्वच्छता अभियान चलाते हुए शासकीय कार्यालयों के अधिकारियों को अपने सभी कार्यालयों में स्वच्छत वातावरण बनाने के आदेश दिये है। मगर केन्द्र सरकार के अधीन माने जाने वाले दूर संचार केन्द्र इस समय पूर्णरूप से गंदगी के आगोश में समाया हुआ दिखाई पड़ रहा है...? इस केन्द्र के भवन में लगे हुए मधु मंख्यिों के छित्तानों की स्थिति को देखते हुए अपने जरूरी कार्यो से पहुंचने वाले उपभोक्ताओं में दशहत देखने मिल रही है? क्योंकि दूर संचार केन्द्र के भवन में भारी मात्रा में लगे हुए हैं।

---

**करोड़ों की राशि से निर्मित सूखाखैरी- बारहाबड़ा से होते हुये सालीचौका सीमेन्ट सड़क की गुणवत्ता चंद सालों के अंदर ही उभरकर आने लगी सामने**

# पुलियों पर निकल रही लोहे की राड दे रही दुर्घटनाओं को खुला आमंत्रण

**हरिभूमि न्यूज/बारहाबड़ा।**







जहां विकास के नाम पर करोड़ो रूपया खर्च किये जाते है, मगर विकास कार्य के दौरान अधिकारियों द्वारा बरते जाने वाली उदासीनता का परिणाम इस तहर से देखने मिलता है कि शासन की राशि बर्बाद होने से नही चूक पाती है...? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई चीचली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सूखाखैरी से बारहाबड़ा होते हुये सालीचौका तक मात्र कुछ साल पहले लगभग 76 करोड़ रूपया की लागत से निर्मित हुई सीमेन्ट सड़क को देखते हुये जान पड़ रहा है? बताया जाता है कि इस सीमेन्ट सड़क गुणवत्ता को लेकर तो सबाल निर्माण के शुरूआती दौर में ही उठनान शुरू हो गये थें। क्योंकि जब इस सीमेन्ट सड़क का निर्माण कार्य शुरू हुआ था तो उस दौरान निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा छोटी मोटी पुलियों के निर्माण से शुरूआत की गई थी। जिसके चलते ग्राम बारहाबड़ा के पास निर्माणाधीन एक पुलिया निर्माण के दौरान ही धराशाही होने से निर्माण कार्य की सच्चाई उजागर होते हुये दिखाई पड़ने से नही चूक पा रही थी। इस सच्चाई को उस दौरान हरिभूमि द्वारा समय समय पर प्रमुखता से उजागर किया गया था। मगर संबंधित विभाग द्वारा किसी भी प्रकार से ध्यान नही देने का परिणाम इस तरह देखने मिला कि निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा करोड़ो की राशि से बनाई गई इस सड़क निर्माण में अपनी मनमानी के सभी हदे पार करने में कोई कसर नही छोड़ी गई थी..? सीमेन्ट सड़क की एक ओर की पट्टी बनने के बाद जब दूसरी ओर की पट्टी का कार्य शुरू ही हुआ था और हाल में में निर्मित की गई सड़क की पट्टी जहां तहा से चिटकते हुये दिखाई देकर अपनी गुणवत्ता को उजागर करने लगी थी यानि की सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण ही नही हो पाया था कि निर्माणाधीन सड़क पर जहां तहां से निकल रही दरारे तथा चटकती हुई सड़क निर्माण कार्य में अपनाई जाने वाली गुणवत्ता की सच्चाई को खुलकर उजागर करते हुये देखी जा रही थी। उस दौरान इस सच्चाई को हरिभूमि द्वारा लगातार उजागर किये जाने के बाद भी संबंधित विभाग द्वारा किसी भी प्रकार से ध्यान नही दिये जाने के कारण जहां करोड़ो की राशि से बनी यह सड़क निर्माण के दौरान से अधिकारियों की अनदेखी व निर्माण कार्य करने वाली कंपनी की मनमानी की भेंट चढ़ने से नही चूक पाई है..? इतना ही नही यदि 76 करोड़ रूपया की लागत से बनाई गई इस सड़क के अन्य निर्माण कार्यो पर नजर डाली जावे तो सड़क निर्माण के दौरान सूखाखैरी से बारहाबड़ा होते हुये सालीचौका के बीच सीमेन्ट सड़क का निर्माण कार्य करने के साथ साथ बीच में पड़ने वाली पुलियों का निर्माण कार्य भी इसी में शामिल होने की चर्चा सुनी जा रही है..? मगर इस इस सड़क पुलिये जहां निर्माण के दौरान ही जहां तहां से चटकते हुये देखी जा रही थी और वर्तमान समय में यानि की इस निर्माण को अभी मात्र कुछ साल का समय भी नही बीत पाया है और पुलियों के आलवा सड़क में जहां तहां निकल रहे गड्डे निश्चित तौर से संबंधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की कार्य प्रणाली को कटघरे में खड़ा करने से नही चूक पा रहे है तो दूसरी ओर पुलियों के ऊपर का हाल इस तरह से देखने मिल रहा है कि निर्माण के दौरान उपयोग की गई लोहे की सामग्री सड़क के बीचों बीच निकलते हुये अपनी गुणवत्ता को उाजागर करने के साथ साथ बड़ी दुर्घटनानओं को आमंत्रण देने से नही चूक पा रहा है...? वही बताया जाता है कि सड़क निर्माण का कार्य जिस प्रकार से पुलियों का नया निर्माण करने की जगह कंपनी द्वारा पुराने पुल व पुलियों के भरोसे ही पूर्ण किया जाना संपूर्ण क्षेत्र में चर्चा का विषय बनने से नही चूक रहा है? प्रमुख रूप से देखा जावे तो ग्राम बारहाबड़ा के समीप ऊमर नदी पर बने हुये पुल जिसके निर्माण को वर्षो बीत जाने के कारण जहां यह पुल जर्जर स्थिति में पहुंच जाने के बाद भी इस पुल का पुनः निर्माण होने की जगह मात्र उसे रंग रोकन करते हुये इस 76 करोड़ा रूपया की सड़क की जिन्दगी इस पुल के भरोसे ही छोड़ दिये जाने का परिणाम इस तरह से देखने मिल रहा हौ कि शासन की करोड़ो रूपया की राशि खर्च हो जाने के बाद जहां सड़क के साथ साथ अनेक पुल व पुलिया मात्र एक साल के अंदर ही टूटना शुरू हो चुकी थी तो दूसरी ओर सड़क पर जहां तहासं निकल रही लोहे की राडे वाहन चालको को खुलेआम मौत का आमंत्रण देने से नही चूक पा रही है..? इस प्रकार से सरकार द्वारा क्षेत्रवासियों को यातायात के लिये अच्छी सुविधाएं उपलब्ध कराने व युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त करने की सोच को ध्यान में रखते हुये ग्राम सूखाखैरी से बारहाबड़ा होते हुये सालीचौका पौड़ार तिरहा तक लगभग 76 करोड़ की लागत से सीमेन्ट सड़क का निर्माण कराया गया था। वह निश्चित तौर से विभाग के अधिकारियों की अनदेखी व मिली भगत के चलते तथा क्षेत्र के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों की अनदेखी के कारण निश्चित तौर से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ने से नही चूक पाया है..? क्योंकि करोड़ो रूपया की राशि से निर्मित हुई यह सीमेन्ट सड़क जिस तरह मात्र कुछ के उपरांत जिस तरह से टूटते हुये देखी जा रही है वह एक बडी गफलबाजी की ओर संकेत देने से नही चूक रही है..? इसी बात को लेकर क्षेत्रवासियों द्वारा उच्च स्तर की जांच की मांग उठाना शुरू कर दिया गया है। इस तरह इस सड़क को बने हुये कुछ साल ही निकले है और जहां तहां बडे गड्ढे के रूप में दिखाई देने लगी है तो अनेक जगहों पर निकल रही लोहे की राडे राहगीरों के लिये खुलेआम मौत का सायरन बजाने से नही चूक रही है? इस सच्चाई को हरिभूमि द्वारा लगातार उजागर किये जाने के बाद भी न तो यहां के जिम्मेदारों द्वारा ध्यान दिया गया है और न ही संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा जिसका परिणाम है कि क्षेत्र के लिये शासन से मिली करोड़ो की सौगात मात्र बंदर बांट की भेट चढ़कर बर्बाद होने से नही बच पाई है? यदि उस समय भी क्षेत्र के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों द्वारा टूट रही सड़क की सच्चाई पर अपनी गंभीरता का परिचय देते हुये इस सड़क निष्ठा के साथ जांच कराने के लिये आगे आये होते तो निश्चित तौर से निर्माण कार्य करने वाली कंपनी के साथ साथ मलाई खाने वाले अनेक अधिकारी बेनकाब होने से नही चूक पाते...?

---

## धूनी नगरी के सांदीपनि विद्यालय में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत किया गया पौधारोपण



**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** दादा धूनी वालों की नगरी में जहां आये दिन धार्मिक कार्यक्रमों की धूम मची हुई देखी जाती है तो दूसरी ओर शिक्षण संस्थाओं में आयोजित होने वाले कार्यक्रम निश्चित तौर की नगर की शान को चार चांद लगाने से नही चूकते है। इसी प्रकार से बीते हुये दिवस दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा स्थित सांदीपनि विद्यालय में हरियाली के लिये प्रमुख माने जाने वाले जुलाई माह के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण को समर्पित एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के चलते विद्यालय के निर्माणाधीन भवन परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा पौधारोपण किया गया। यह अभियान विद्यालय के ईको क्लब के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। वही संस्था के विद्यालय के प्राचार्य चंद्रकांत विश्वकर्मा एवं प्रधान पाठक सरदार सिंह राजपूत के नेतृत्व में कक्षा 8वीं के 30 विद्यार्थियों ने इस अभियान में भाग लिया। इस दौरान शिक्षक आकाश उपाध्याय एवं भवन के केअर टेकर त्यागी की विशेष उपस्थिति रही। बताया जाता है कि इस दौरान सभी छात्रों ने अपनी माताओं के नाम एक-एक पौधा रोपित करते हुये पर्यावरण के प्रति प्रेम और कृतज्ञता का भाव व्यक्त किया गया। कार्यक्रम मे इको क्लब प्रभारी भानुप्रताप राजपूत ने छात्रों को वृक्षों के महत्व से अवगत कराते हुये पर्यावरण के प्रति जागरूक किया और कहा कि इस पृथ्वी पर लगा हुआ पेड़ हमे केवल ऑक्सीजन ही नहीं देता, वह इस सृष्टि में जीवन की नींव है। जब हम इसे अपनी माँ के नाम पर लगाते हैं, तो यह भावनात्मक जुड़ाव हमारे दायित्व को और मजबूत करता है। इस दौरानविद्यालय प्रबंधन द्वारा इस अभियान को आगे भी जारी रखने की योजना है ताकि हर छात्र पर्यावरण की रक्षा के प्रति सजग बने और प्रकृति से आत्मीय संबंध स्थापित कर सके। यह गतिविधि विद्यालय की जुलाई माह की पर्यावरणीय पहलों में एक उल्लेखनीय कदम रही, जो बच्चों में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का भाव उत्पन्न करने की दिशा में सराहनीय प्रयास है।

## मेंहदी ताजिया अलम का निकलेगा जुलूस आज मोहर्रम के चलते नगर में बढ़ रही चहल पहल



**हरिभूमि न्यूज/ सालीचौका।** नगर में मुस्लिम समुदाय के चल रहा मोहर्रम का पर्व पूर्ण सद्भावना के साथ मनाया जा रहा है। पर्व के चलते आज मोहर्रम की 7 तारीख को शहर के नए बस स्टैंड काजी मोहल्ला से दोपहर 4 बजे मेहदी ताजिया अलम का जुलूस निकलेगा जो बंसल वाली गली से चौकी ,चावड़ी मार्ग से होते हुये महावीर भवन से निकलकर शक्ति चौक पहुंचेगा। इसके बाद यहां से रवाना होकर शिवालय चौक से झंडा चौक होता हुआ वापस नए बस स्टैंड बाबली दरगाह शरीफ पहुचेगा जहां पर इस मेंहदी जुलूस कासमापन होगा । जानकारी के अनुसार आज ही रात्रि में इमामबाड़ों की सवारिया बाबाओ की आमद के साथ शहर में रन करने निकलेगी जिसके चलते देर रात तक मजमा रहेगा। वही दरगाहो तथा इमामबाड़ों पर जायरीन अकीदत के साथ दीदार करने पहुच रहे है । नगर के शक्ति चौक पर लगे परचम पर मजमा लग रहा है । इसी प्रकार से बड़ेवली इमाम बाड़ा , मुकरबा दरगाह शरीफ, गरीब नवाज चौकी, सुल्तान बाबा, मंडला वाले, बारह भाई ,जबरन दरबार, बंगला बाले, शानू बाबा, बाबली अखाड़ा दरबार, ठाकुर वाली सबारी सहित ओर भी स्थानों पर आज बाबाओ की आमद होगी और सबारिया उठेगी।

## अज्ञात चोरों ने दिनदहाड़े ताला तोड़कर पार किये जेवर



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** नगर में लगातार बढ़ रहे चोरों के हौसलों के कारण जहां लोगों के घरों से मोटर साईकिल चोरी होना आम बात हो चुकी है। वही दूसरी ओर हालत यह है कि चोर दिन दहाड़े लोगों के घरों के ताला तोड़कर चोरी करने में पीछे नही रह रहे है। कुछ इसी प्रकार से बीते हुये दिवस नगर की त्रिवेदी कालोनी में देखने मिला है जहां पर प्रार्थी अपने परिवार के साथ नर्मदा नहाने गया हुआ था और यहां पर अज्ञात चोरों द्वारा घर के दरबाजे का ताला तोड़कर सोने चांदी के जेबर पार दिये गये। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नगर के त्रिवेदी कालोनी निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि अपने परिवार के साथ सुबह करीबन 11/30 नर्मदा नहाने ककरा घाट चला गया हुआ था और दोपहर करीबन 1/30 बजे घर वापस आया तो देखा तो घर के गेट पर पर में ताला लगाकर गया हुआ था वह खुला हुआ था और गेट की कुंडी भी खुली हुई थी। प्रार्थी ने जब घर के अंदर जाकर देखा तो घर का सामान अस्त व्यस्त था । वही कमरे में रखी अलमारी का लाकर भी टूटा हुआ था । वही अलमारी में रखे काले रंग के बैग में पुराने इस्तेमाली गहने जिसमें 02 नग सोने के गुरिया वाले मंगलसूत्र, 01 नग सोने की मनचली ,1 जोड़ी सोने के कान के झुमके, 1 जोड़ी चांदी की पायल ,4 नग चांदी की बिछिया,चांदी के 8 चूड़े व बैग में रखे जरूरी कागज के आलवा नगदी 25000 गायब थें। इस तहर अज्ञात चोरों द्वारा प्रार्थी के घर में ताला तोड़कर सोने चांदी के जेबर पार किये जाने पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## रोटरी क्लब का शपथ ग्रहण समारोह हुआ संपन्न, नये साल के लिये बनाई रूप रेखा




**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** रोटरी क्लब के संविधान के अनुसार पुराने क्लब का हर साल एक जुलाई को कार्यकाल समाप्त हो जात है और नये क्लब के गठन को लेकर हर वर्ष एक जुलाई को शपथ ग्रहण का आयोजिन किया जाता है। इसी प्रकार से बीते हुये मंगलवार यानि की 1 जुलाई 2025 को को रोटरी क्लब का गाडरवारा का शपथ ग्रहण समारोह नगर के होटल सुरभि पैलेस में संपन्न हुआ। क्लब के मीडिया प्रभारी नीलेश साहू द्वारा जानकारी देते हुये बताया है कि इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया तथा एस.आर.मिश्रा एवं अन्य मंचासीन अतिथियों द्वारा मां सरस्वती जी के छायाचित्र पर माल्या अर्पण कर दीप प्रज्वलन करने के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। वही क्लब अध्यक्ष व सुरभी होटल के संचालक मनीष जयसवाल द्वारा अपने संबोधन से उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए,अपना व अपने क्लब बीते हुये वर्ष में की गई समाजसेवा तथा साल भर के अनुभवों को सभी के समक्ष सांझा किये गये। इस दौरान क्लब सचिव अभिषेक बड़कुर एवं कोषाध्यक्ष प्रियंक सोनी द्वारा क्लब के वर्ष 2024-2025 की गतिविधियों एवं आय- व्यय का लेखा-जोखा क्लब के समक्ष प्रस्तुत किया गया। वही क्लब के वरिष्ठ सदस्य मिनेंद्र डागा द्वारा पुरानी टीम को बधाई देने के साथ नई टीम को मार्गदर्शन दिया गया। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संदीप भूरिया द्वारा क्लब के कार्यों की सराहना करते हुए क्लब को हर संभव मदद करने का भरोसा दिया गया। इसी प्रकार से एस. आर.मिश्रा द्वारा क्लब के हर सदस्य के कार्य की तारीफ करते हुए क्लब को बधाई दी गई। कार्यक्रम में क्लब के डॉक्टर एवं सीए के साथ डॉक्टर डे व सीए डे सेलिब्रेट किया गया। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान क्लब में 5 नए सदस्यों ने रोटरी की सदस्यता ग्रहण की गई। जिसमें विजय नायक,साकेत बड़ारेया, दिनेश मालपानी,डॉ वस्त्रकार, सुरेश साहू को मुख्य अतिथि द्वारा क्लब पिन लगाकर प्रदान कराई गई। वही समारोह के अंत में आने वाले वर्ष यानि की 2025- 26 के अध्यक्ष सुरेंद्र साहू, सचिव मनोज वसा, कोषाध्यक्ष अध्यक्ष संजय गुप्ता को पिन लगाकर पदभार ग्रहण कराया गया। कार्यक्रम का संचालन रोटे.शुभम राजपूत द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में अरुण के आलवा सुनील श्रीवास्तव, शरद मौलासरिया, डॉ उमाशंकरदुबे, अशोक राजपूत, राजीव जैन, राजेश गुप्ता, श्रीकांत राठी, अमित पटेल, अक्षय जैन, प्रतीक साहू, श्याम नंदन, यगेश तिवारी, रमाकांत गुप्ता, मनोज राय, अनिल वालिया, देवेंद्र साहू, के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ डी एस चौधरी, विनोद अग्रवाल, अमन जैन एवं अनेक समाजसेवी संगठनों के सदस्य मौजूद थें।

## रेल्वे स्टेशन मार्ग पर स्थित दुकानों के सामने खड़े रहने वाले ऑटो पर नहीं लग रहा अंकुश, शहर आने जाने वाले लोग हो रहे परेशान

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** अक्सर देखा जाता है कि जब जिले या फिर स्थानीय स्तर पर कोई अधिकारी आता है तो वह नगर में आने के उपरांत यहां की बिगड़ी हुई यातायात व्यवस्था को देखकर उसे सुधारने के लिए अपनी तरफ से पूरा भरोसा दिलाते हुए यह बात कहने से नही चूकता है कि इस नगर की सबसे बड़ी समस्या यातायात है जिसे सुधारने में वह कोई कसर नही छोड़ेगे और चंद दिनों में पटरी से उतरी हुई यातायात व्यवस्था को वह सुधार कर रहेगे..? मगर पता नही कि उन्हें इस नगर का पानी पीने के बाद जब उस पानी का असर होता है तो वह चंद दिनों के उपरांत अपने द्वारा ही कहे जाने वाले शब्दों को पूर्ण रूप से भूलकर जिस स्थिति में चल रही शहर की बदहाल यातायात व्यवस्था को सुधराना ही भूल जाते है...? मगर इस बात कुछ दिन बीत जाने के बाद भी सुधार होते हुए कही दिखाई नही देता है। क्योंकि नगर की यातायात व्यवस्था की सच्चााई आज भी जहां की तहां बनी हुई दिखाई दे रही है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो नगर के प्रमुख स्थल स्टेशन के समीप गौर किया जावे तो यहां पर यदि आटों चालकों की मनमानी इस प्रकार से हावी है कि जिसके चलते स्थिति इस प्रकार से बनी हुई है कि स्टेशन पहुंचने वाले मार्ग पर आटों चालकों का जिस प्रकार से मुख्य सड़क पर कब्जा रहता है कि आम वाहन चालकों की बात तो दूर पैदल तक लोगों का निकलना भी मुश्किल हो जाता है। बताया जाता है कि अनेक आटों चालक स्टेशन से मुख्य नगर की ओर आने वाले मार्ग पर लगी हुई दुकानों के सामने अपने आटों इस प्रकार से काफी समय तक खड़े करे रहते है जिसके चलते संपूर्ण सड़क पर जाम की स्थिति बन जाती है, इस स्थिति में ट्रेन पकड़ने के लिए दो पाहिया वाहनों या फिर पैदल जाने वाले रेल यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होते हुए देखा जाता है और स्थिति खराब उस समय और अधिक हो जाती है जब किसी ट्रेन के आने या फिर जाने का समय होता है जिसके चलते जब आम यात्रियों को ट्रेन पकड़ने के लिए किसी महिलाओं व अन्य परिजनों को दो पाहिया या चार पाहिया वाहन से लेकर जा रहे होते है उस समय मुख्य सड़क पर घंटों तक खड़े रहने वाले इन आटों के चलते ट्रेन पकड़ने के लिए जाने वाले आम लोगों के वाहनों का यहां से निकलना मुश्किल हो जाता है। इस प्रकार से आटों चालकों की मनमानी को लेकर न तो पुलिस प्रशासन के अधिकारी ध्यान दे रहे है और न ही अन्य अधिकारी जिसके चलते आम लोगों को प्रतिदिन परेशान होते हुए देखा जा रहा है।

## पंचायतों में पति राज खत्म करने निर्णय के बाद भी स्थिति में नहीं हुआ सुधार, आज भी पत्नियों की कुर्सी पर जलवा दिखा रहे पतिदेव?

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** जहां एक ओर देखा जा रहा है कि संविधान में महिलाओं को आरक्षण देते हुए उन्हें अग्रसर किया जा रहा है। मगर अक्सर देखा जाता है कि जिन क्षेत्रों में महिलाएं आगे बढ़ने का प्रसास करती है उन क्षेत्रों में उनके पतियों द्वारा उनकी कुर्सी पर कब्जा करते हुए उन्हें पीछे की ओर करने में कोई कसर नही छोड़ते है? जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो पंचायती राज व्यवस्था से लेकर नगर पालिकाओं पर सरपंच पतियों से लेकर पार्षद पतियों का ही बोलबाला देखने मिलता है, जिसमें प्रमुख रूप से गौर किया जावे तो पंचायती राज में तो महिला सरपंच या जनपद सदस्य मात्र नाम की ही होती है बोलबाला तो उनके पतियों का ही रहता है? यहां तक की सरपंच पतियों द्वारा अपने आप को सरपंच प्रतिनिधि बताने या फिर अपने वाहनों में लिखने से भी नही चूकते है। जबकि नियम के अनुसार तो बताया जाता है कि निर्वाचित प्रतिधिनियों के प्रतिनिधि होने का कालम विधायक तक हो होता है? विधायक के नीचे प्रतिनिधि का कालम होता ही नही है..? मगर इसके बाद भी सरपंच पति अपने आप को सरपंच प्रतिनिधि मानते हुए पंचायतों की कार्यवाही में सबसे आगे देखे जाते है तो कुछ इसी प्रकार का हाल नगर पालिका से लेकर नगर परिषदों का देखने मिलता है जहां पर पार्षद पतियों की मौजूदगी देखी जाती है? इस बात की सच्चाई इस समय क्षेत्र की ग्राम पंचायतों से लेकर नपा कार्यालयों से लेकर जनपद व ग्राम पंचायतों में आसानी से देखने मिल रही है। जहां पर बताया जाता है कि लम्बे अरसे महिला जनप्रतिनिधियों के राज करने की मिसालें पूर्व में मिलती रही है। हालत यह थी कि महिला जनप्रतिनिधियो के पतिदेव इन संस्थाओं के कार्यो में दखलन दाजी का प्रयास तो करते हुये देखे ही जाते है साथ ही कभी कभार इन जिम्मेदार मानी जानी वाली संस्थाओं की बैठकों में भी तशरीफ लाने से भी नही चूकते है। किंतु महिला जनप्रतिनिधियों के पतियों की मनमानी पर अंकुश लगाने के उद्धेश्य से लगभग दो साल पहले म.प्र. शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने जिला पंचायत, जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत की बैठकों से लेकर अन्य कार्यक्रमों में चुने हुए महिला जनप्रतिनिधियों के साथ उनके सम्बंधियो के शामिल होने पर रोक लगाने के आदेश जारी किये गये थें जिसमें प्रमुख रूप से गौर किया जावे तो स्वायत्तशायी संस्थाओं में महिला जनप्रतिनिधियों के सम्बंधियो के हस्तक्षेप को अनुचित बताते हुए शासन द्वारा लिए गये उक्त निर्णय की लोगों द्वारा सराहना की गई थी और इस निर्णय का पालन करने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों के आलवा जिला स्तर के अधिकारियों को जिम्मा भी सौपा गया था कि इस निर्णय का कठोरता के साथ पालन होना चाहिए। मगर इस आदेश को लगभग एक वर्ष से भी अधिक का समय बीत जाने के बाद भी स्थिति जहां की तहां नजर आ रही है। क्योंकि इस आदेश की ओर न तो प्रशासनिक अधिकारी ध्यान दे रहे है और न ही इसका पालन हो रहा है? जिसके चलते आज भी अनेक जगहों पर महिला जनप्रतिनिधियों के पतियों द्वारा अपनी पत्नी की कुर्सियों पर जलबे दिखाते हुए आसानी से देखा जा रहा है? इस प्रकार की स्थिति के चलते जहां महिला आरक्षण नियम पर तो प्रश्न लग रही रहा है। वही दूसरी ओर सरकार की मंशा अनुसार महिलाओं की स्वतंत्रता का भी हनन होते हुए देखा जा रहा है। इस प्रकार की सच्चाई के चलते जहां अनेक जगहों पर निर्वाचित हुई महिला जनप्रतिनिधि मात्र चौका चूल्हा तक की सीमित होकर रह गई है और उनका निर्वाचित होना मात्र एक औपचारिकता बना हुआ देखने मिल रहा है? जबकि गौर किया जावे तो संविधान में मातृशक्ति को जिस सोच के साथ आरक्षण देते हुए उन्हें आगे बढ़ने का मौका दिया गया है और उसका पूरा लाभ मातृशक्ति को मिलने लगे तो निश्चित तौर से देश की सूरत बदलने में देर नही लग सकती है। मगर इस ओर प्रशासन की उदासीनता के चलते संभव होते हुए दिखाई नही पड़ रहा है?

**खबर संक्षेप**

## सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर आर्थिक सहायता मंजूर

**हरिभूमि न्यूज़ अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनूपपुर के प्रतिवेदन के आधार पर मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग के प्रावधान के तहत सड़क दुर्घटना में ग्राम बड़हर तहसील अनूपपुर के श्री माधव सिंह की मृत्यु होने पर मृतक के निकटतम वैध वारिस को 15 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है।

## लायंस क्लब ने डॉक्टरों व सीए का किया सम्मान

**हरिभूमि न्यूज़ अनूपपुर।** विश्व डॉक्टर दिवस एवं चार्टर अकॉउंट दिवस के उपलक्ष्य मे लायंस क्लब अनूपपुर टाउन के द्वारा डॉक्टरो को उनकी सेवा के लिए सम्मानित किया। कार्यक्रम मे डॉक्टर दिवस पर असामायिक निधन पर स्व. डॉ. गणेश चटर्जी को क्लब द्वारा श्रद्धांजलि प्रदान की गई उसके पश्चात अनूपपुर नगर मे सेवा दे रहे डॉक्टरो को सम्मानित किया गया जिसमे डॉ एस. सी. राय, डॉ एसआरपी द्विवेदी, डॉ साकेत कौशिक, डॉ जनक सारीवान, डॉ असीम मुख़र्जी, डॉ उषा किरण एवं डॉ औजेर को सम्मानित किया गया। डॉक्टर्स की टीम द्वारा आश्वासन दिया गया वर्ष 2025-26 वर्ष ग्रामीण क्षेत्रो मे जब भी लायंस क्लब द्वारा निश:ुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन किया जायेगा। हमारी टीम से चयनित डॉक्टर टीम उस शिविर मे अपनी निःशुल्क सेवा प्रदान करेंगे इसके पश्चात लायंस क्लब के सदस्यों के द्वारा चार्टर अकॉउंट सेवा दिवस पर नगर के प्रथम सीए अरुण बियानी, भौमिक राठौड एवं श्रीमती सोनम सीए का सम्मान किया उनके द्वारा लायंस क्लब के द्वारा दिए गए सम्मान पर धन्यवाद दिया गया। कार्यक्रम मे अध्यक्ष लायन कौशलेन्द्र सिंह, सचिव लायन अन्नपूर्णा शर्मा कौषाध्यक्ष लायन दुर्गेद्र सिंह भदौरिया, लायन पी एस, राऊतराय, लायन अशोक शर्मा, लायन दीपक सोनी लायन हरिनारायण खेडिया के साथ ही अनूपपुर वार्ड न. 12 की पार्षद राधिका बियानी उपस्थित रही।

## चार हाथियों के समूह ने तोड़े कई मकान

**हरिभूमि न्यूज़ अनूपपुर।**

विगत 19 दिनों से छत्तीसगढ़ राज्य से अनूपपुर जिले में एक वार फिर से आए चार प्रवासी जंगली हाथियों का समूह जिले के जैतहरी एवं अनूपपुर क्षेत्र में विचरण करते हुए विगत 16 दिनों से वन परिक्षेत्र राजेंद्रग्राम के क्षेत्रो में विचरण कर बुधवार की सुबह डिंडौरी जिले की सीमा में प्रवेश कर वन क्षेत्र में विश्राम कर रहे हैं। इस बार हाथियों के द्वारा राजेंद्रग्राम के इलाकों में दिन में जंगल में ठहरने बाद रात होते ही खाने की तलाश पर प्रत्येक रात कई-कई ग्रामीणों के मकानो में तोड़फोड़ कर घर के अंदर रखे विभिन्न तरह के अनाजों को अपना आहार बनाया है जिससे ग्रामीण जन भयभीत एवं परेशान रहे हैं। हाथियों के विचरण एवं आम जन की सुरक्षा हेतु वनविभाग का गश्ती दल निरंतर निगरानी करते हुए ग्रामीणों को सतर्क एवं सावधान रहने की अपील की गई है। विदित है कि चार प्रवासी हाथियों का समूह कुछ दिनों तक छत्तीसगढ़ राज्य के वन मंडल एवं वन परिक्षेत्र मरवाही अंतर्गत क्षेत्र में विचरण करते ते हुए 14 जून की देर रात एक बार फिर से अनूपपुर जिले के जैतहरी क्षेत्र में प्रवेश करते हुए तीन दिनों तक जैतहरी एवं अनूपपुर क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में विचरण करने बाद 17 जून की देर रात बैहार की पहाड़ी चढ़कर राजेंद्रग्राम इलाके में प्रवेश करते हुए निरंतर 16 दिनों से विचरण कर रहे थे।

## करोड़ों का नया स्कूल तैयार लेकिन सड़क और पानी के अभाव में बेकार!

# बच्चे तिरपाल के नीचे बैठकर पढ़ाई को मजबूर



डिंडोरी जिले के शहपुरा में शिक्षा के नाम पर बना करोड़ों का संदीपनी सीएम राइज स्कूल का नया भवन अब सवालों के घेरे में है।

शहपुरा

करीब 39 करोड़ की लागत से बना यह स्कूल भवन तो तैयार है, लेकिन सड़क और पानी की बुनियादी सुविधाएं नहीं होने के कारण बच्चों को अब तक इसमें शिफ्ट नहीं किया गया।

### नया स्कूल बना शोपीस, पढ़ाई अब भी खतरे में

वर्तमान में सैकड़ों छात्र-छात्राएं उसी पुराने और जर्जर भवन में पढ़ने को मजबूर हैं, जहां हालात किसी भी दिन जानलेवा साबित हो सकते हैं। बरसात का मौसम शुरू होते ही छत से पानी टपक रहा है, जिससे कक्षाओं में पढ़ाई ठप हो गई है। प्रबंधन ने छत पर तिरपाल लगाकर पानी रोकने की नाकाम कोशिश की है, लेकिन बच्चे आज भी टपकती छत के नीचे बैठकर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। भवन की दीवारों में दरारें और कॉलम का धंसना साफ दिख रहा है।



### कभी भी कुछ गिर सकता है, लेकिन हमारे पास दूसरा विकल्प नहीं है"

प्राचार्य यशवंत साहू ने भी माना कि नया भवन पूरी तरह तैयार है, लेकिन सड़क और पानी की व्यवस्था न होने के कारण बच्चों को वहां शिफ्ट नहीं किया जा सका। प्रशासन की चुप्पी चुभ रही है



### "भय के बीच पढ़ाई करना मजबूरी है"

बच्चों और अभिभावकों में भय का माहौल है। एक छात्र ने बताया—
विकासखंड शिक्षा अधिकारी पी.डी. पटेल ने बताया कि पुराने भवन में आंशिक मेंटेनेंस कराया गया है, लेकिन जब तक नया भवन पूरी तरह उपयोगी नहीं होता, शिफ्टिंग संभव नहीं है।

### सबसे बड़ा सवाल

जब करोड़ों की लागत से स्कूल बन चुका है, तो बच्चों को उसमें पढ़ने से क्यों रोका जा रहा है?
क्या सड़क और पानी जैसी आधारभूत सुविधाएं जोड़ना इतनी बड़ी चुनौती है कि बच्चों की जिंदगी दांव पर लग जाए?



## जीतू पटवारी पर दर्ज एफआईआर निरस्त करने सौंपा ज्ञापन

**डिंडौरी।** जिला कांग्रेस कमेटी डिंडौरी के अध्यक्ष अशोक पड़वार के नेतृत्व में बैठक आयोजित कर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी पर अशोकनगर जिला के मुंगावली में प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। जिस पर कांग्रेस का कहना हैं कि प्रदेश अध्यक्ष पर षडयंत्र पूर्वक प्राथमिकी दर्ज कराई गई हैं। जिसे निरस्त करने पुलिस महानिदेशक भोपाल के नाम जिला प्रशासन डिंडौरी के माध्यम से तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। जहां प्रमुख रूप से ओमकार मरकाम विधायक डिंडौरी, अमित गुप्ता कार्यकारी जिला अध्यक्ष, जावेद इकबाल ब्लॉक अध्यक्ष डिंडौरी, महेंद्र ठाकुर अमरपुर, संतोष मरकाम समनापुर, लोकेश पटेरिया बजाग, ज्योतिरादित्य भलावी पार्षद नगर परिषद डिंडौरी, कोमल कुशराम, लियाकत अली आदि कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने मिलकर ज्ञापन सौंपा।

## शासकीय आदर्श महाविद्यालय डिंडोरी में मनाया गया शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास का स्थापना दिवस



डिंडोरी।


शासकीय आदर्श महाविद्यालय डिंडोरी में बुधवार, 2 जुलाई 2025 को *शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास* का स्थापना दिवस समारोह उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कोस्टा ने की। उन्होंने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन व नर्मदा वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित डॉ. विकास जैन ने न्यास के कार्यक्षेत्र एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डाला तथा छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को इसके महत्व से अवगत कराया। इस अवसर पर उन्होंने प्राचार्य डॉ. कोस्टा को न्यास की पत्रिका भी भेंट की। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन डॉ. कल्पना मिश्रा ने किया। उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा एवं न्यास के विभिन्न आयामों की जानकारी देते हुए इसमें सहभागिता की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम का समापन डॉ. शारदा सिंह के आभार प्रदर्शन के साथ हुआ।इस आयोजन में विशेष रूप से डॉ. विपिन दुबे सहित महाविद्यालय का समस्त शिक्षकीय एवं छात्र-छात्रा परिवार उपस्थित रहा।



## देवनाला जल प्रपातः प्राकृतिक सौंदर्य और आध्यात्मिक आस्था का संगम

डिंडोरी।

डिंडोरी जिले में स्थित देवनाला जलप्रपात न केवल प्राकृतिक सौंदर्य का अद्भुत उदाहरण है, बल्कि यह स्थान धार्मिक श्रद्धा का भी केंद्र बना हुआ है। यह जलप्रपात अपनी अनूठी बनावट, शिवलिंग पर निरंतर जलाभिषेक और शांत वातावरण के कारण पर्यटकों व श्रद्धालुओं दोनों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।





### कहां स्थित है देवनाला जलप्रपात?

देवनाला जलप्रपात डिंडोरी से लगभग 22 किलोमीटर दूर, मंडला-डिंडोरी मुख्य मार्ग पर, कचनारी ग्राम के निकट सक्का के पास स्थित है। यह स्थल बरसात के मौसम में अपनी पूर्ण छटा बिखेरता है, जब झरने का प्रवाह प्रबल होता है और हरियाली अपनी चरम सीमा पर होती है।

### क्या है इसकी विशेषता?

1. प्राकृतिक शिवलिंग पर जलाभिषेक
इस जलप्रपात की सबसे अनोखी बात यह है कि इसका प्रवाह सीधे एक प्राकृतिक शिवलिंग पर गिरता है, जिससे यहाँ निरंतर जलाभिषेक होता रहता है। यह दृश्य श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभूति देता है।
2. गुफाएँ और शिलाओं की संरचना
पानी के सतत प्रवाह ने यहाँ की पहाड़ियों को V आकार की घाटी में बदल दिया है। साथ ही एक गहरी गुफा का निर्माण भी हुआ है, जो वर्षा ऋतु में जलमग्न हो जाती है। इस गुफा में अनेक छोटे-छोटे शिवलिंग और मंदिर स्थित हैं, जहां श्रद्धालु पूजा-अर्चना करते हैं।
3. ध्यान और योग के लिए उपयुक्त स्थल
प्राकृतिक शांति और आध्यात्मिक वातावरण के कारण प्रशासन यहां योग और ध्यान केंद्र स्थापित करने की दिशा में प्रयासरत है। यहां आने वाले पर्यटक मानसिक शांति का अनुभव कर सकते हैं।

### कैसे पहुंचे?

देवनाला जलप्रपात तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क की सुविधा है। निजी वाहनों से यहां आसानी से पहुंचा जा सकता है। झरने के पास पहाड़ी से नीचे जाने के लिए सीढ़ियों का निर्माण भी किया गया है, जिससे पर्यटक सुरक्षित रूप से झरने के निकट जा सकते हैं।

### कब जाएं?

इस स्थल का सौंदर्य विशेष रूप से मानसून और शीतकाल में अपने चरम पर होता है। इस दौरान हरियाली, जलप्रवाह और प्राकृतिक दृश्यावली अद्वितीय होती है। देवनाला जलप्रपात सिर्फ एक प्राकृतिक स्थल नहीं, बल्कि यह आध्यात्मिक और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक भी है। यदि आप प्रकृति के साथ-साथ धार्मिक आस्था में भी रुचि रखते हैं, तो डिंडोरी जिले का यह स्थल निश्चित ही आपके लिए एक अविस्मरणीय अनुभव साबित हो सकता है।

## अमरकंटक नर्मदा मंदिर परिसर में भक्त श्रद्धालुओं द्वारा प्रियजनों का लिखा जा रहा नाम

**मंदिर ट्रस्ट एवं प्रशासन से कार्यवाही की दरकार**

**श्रद्धालुओं ने मंदिरों के दीवारों का किया गंदा व अशोभनीय**

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** पावन पवित्र नगरी अमरकंटक के श्री नर्मदा उद्गम मंदिर परिसर के मंदिर समूह में बाहर से आने वाले भक्त श्रद्धालुओं, पर्यटक तीर्थ यात्रियों एवं दर्शनार्थियों के द्वारा पूजन अर्चन दर्शन के बाद विभिन्न मंदिरों के दीवारों में अपने प्रिय जनों का नाम पवन पुत्र हनुमान जी के प्रतिमा से लगे सिंदूर से लिख दिया जा रहा है। इतना ही नहीं उक्त भक्त श्रद्धालुओं के द्वारा मंदिर के दीवार में दिल की आकृति बनाई जाकर नाम लिख गया है। इस तरह के कार्य से एक गलत संस्कृति एवं परंपरा के नाम पर अवधारणा बनती जा रही है तथा आगंतुक भक्त श्रद्धालुओं दर्शनार्थियों में एक गलत संदेश भी जा रहा है। उल्लेखनीय है कि श्री नर्मदा उद्गम मंदिर परिसर के अमरकंठ महादेव माता पार्वती के मंदिर के पीछे, भगवान विष्णु गोरखनाथ मंदिर के पीछे तथा गणेश भगवान की प्रतिमा के अगल-बगल ऊपर नीचे तथा प्रवेश द्वार में भक्त श्रद्धालुओं द्वारा अपने करीबी प्रिय जनों का नाम तथा हृदय की आकृति एवं अन्य कलाकृति बनाया जाकर लिखा गया है इससे संपूर्ण दीवार गंदा एवं अशोभनीय दिखता है।

### नाम लिखना धर्म संस्कृति के खिलाफ

संभागीय मुख्यालय शहडोल से आए भक्त श्रद्धालु राजेश सोंधिया अपने दो साथियों के साथ नर्मदा पूजन अर्चन दर्शन हेतु आए जब उनसे इस विषय में चर्चा की गई तो उन्होंने इस तरह के कृत्य को अनुचित बताया और कहा कि इस तरह लिखा जाना बिल्कुल भी ठीक नहीं है। मंदिर की शोभा बिगड़ती है ।

## आदिवासी छात्रावास राजनगर का शुभारंभ होने से पहले ही 2 लाख की चपत



विद्युत विभाग ने भेजा भारी भरकम बिल, गड़बड़झाले का पटाक्षेप बाकी

हरिभूमि न्यूज राजनगर।

शासकीय आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास राजनगर का उद्घाटन अभी हुआ भी नहीं था। लेकिन विद्युत विभाग ने पहले ही 1,97,269 रुपए का भारी-भरकम बिल भेज दिया। इस बिल को देखकर विभाग सहित छात्रावास प्रबंधन में हड़कंप मच गया। आश्चर्य की बात यह है, कि छात्रावास में अभी तक एक भी दिन बच्चों ने रहकर विद्युत का उपयोग नहीं किया, फिर भी इतनी बड़ी राशि का बिल कैसे आ गया? भवन का गृह प्रवेश भी नहीं हुआ है, और इस लाखों के बिल के कारण छात्रावास अब भी पुराने भवन में ही संचालित हो रहा है। बच्चों को रोजाना 4 से 5 किलोमीटर पैदल चलकर विद्यालय पहुंचना पड़ रहा है, वो भी भलमुड़ी के घने जंगल और कच्ची सड़कों के बीच से होकर। बरसात के मौसम में यह राह और भी कठिन हो जाती है, चारों तरफ कीचड़ फैला हुआ है और बच्चों को जोखिम उठाकर आवागमन करना पड़ रहा है। सवाल यह उठता है कि इस बिजली बिल के घटनाक्रम में इन बेचारे आदिवासी बच्चों का क्या दोष है जो सुविधा होने के बावजूद उपभोग नहीं कर पा रहे?

### छात्रावास अधीक्षक ने दी जानकारी

छात्रावास अधीक्षक ने इस गंभीर स्थिति की जानकारी अपने उच्च अधिकारियों को पत्राचार के माध्यम से दी है। उन्होंने अवगत कराया कि उन्होंने अभी तक नए छात्रावास भवन का विधिवत हैंडओवर भी नहीं लिया है, फिर भी विद्युत विभाग द्वारा लगातार बिल भेजा जा रहा है। स्वाभाविक रूप से सवाल उठता है कि अधीक्षक के कार्यभार ग्रहण करने से पहले इतना विद्युत उपयोग किसने किया? प्रारंभिक जानकारी में यह संकेत मिला है कि जिस ठेकेदार संस्था ने भवन निर्माण का कार्य किया था, उसके द्वारा ही निर्माण कार्य के दौरान विद्युत का उपयोग किया गया है। संभवतः इसी कारण इतनी बड़ी राशि का बिल उत्पन्न हुआ है, लेकिन जब बिल शासकीय छात्रावास के नाम पर आया है, तो जिम्मेदारी भी उसी पर डाली जा रही है। सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि जब प्राचार्य और अधीक्षक ने विद्युत कनेक्शन के लिए कोई आवेदन नहीं किया, तो किसके द्वारा शासकीय नाम का दुरुपयोग कर विद्युत कनेक्शन लिया गया?

### कुछ तो जरूर है गड़बड़झाला

सामान्यतः विद्युत कनेक्शन के लिए विधिवत आवेदन एवं शुल्क जमा किया जाता है, और यदि निर्माण कार्य के लिए विद्युत की आवश्यकता थी, तो ठेकेदार को स्वयं अपने नाम पर अस्थायी कनेक्शन लेना चाहिए था। शासकीय छात्रावास के नाम पर कनेक्शन लेकर अगर निर्माण कार्य में उपयोग किया गया है,

## दुर्गादास राठौर की मूर्ति स्थापना के लिए सौंपा ज्ञापन



13 अगस्त 2023 की घोषणा के बाद अभी तक स्थापित नहीं हुई मूर्ति

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर युवा संघ द्वारा 02 जुलाई 2025 नगरपालिका अध्यक्ष पति को एक ज्ञापन सौंपते हुए बताया गया कि पूर्व में 13 अगस्त 2023 के दिन राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की जयंती समारोह में आपके द्वारा चयनित स्थल पर मूर्ति लगवाए जाने की घोषणा की गई थी, जिस घोषणा का नगर के सभी गणमान्य नागरिकों ने स्वागत किया था, किंतु खेद का विषय है कि नगरपालिका अध्यक्ष के घोषणा दिनांक से आज तक लगभग 02 वर्ष बीत चुके हैं किंतु आपके द्वारा की गई घोषणा के परिपालन में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। जिसके संबंध में राठौर समाज के लोगों ने संगठित होकर 02 जुलाई बुधवार को नगरपालिका कार्यालय अनूपपुर पहुंचकर नगरपालिका अध्यक्ष पति शैलेन्द्र सिंह को ज्ञापन देकर शीघ्र ही उनके पत्नी नगर पालिका अध्यक्ष अंजुलिका शैलेंद्र सिंह के द्वारा पूर्व में की गई घोषणा के अनुरूप चयनित स्थल पर ही राष्ट्रीय वीर दुर्गादास के मूर्ति स्थापना की मांग की है।

## जिले में 11.4 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

**हरिभूमि न्यूज़ अनूपपुर।** अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 11.4 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वर्षामापी केन्द्र अनूपपुर में 1.8, बिजुरी में 6.8, जैतहरी में 10.4, वेंकटनगर में 38, पुष्पराजगढ़ में 12.4, अमरकंटक में 12 तथा बेनीबारी में 9.8 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई तथा वर्षामापी केन्द्र कोतमा में वर्षा निरंक रिकॉर्ड की गई।

## खबर संक्षेप

### सुब्रतनाथ भगवान की प्रतिमा का स्वागत



**तेंदूखेड़ा।** बुधवार को नगर में मुनि सुब्रतनाथ भगवान की प्रतिमा का नगरागमन हुआ जिसमें सकल दिगम्बर जैन समाज के साथ साथ तेंदूखेड़ा में विराजमान आर्यिका ससंघ तथा सनातन धर्म अनुयायियों के द्वारा मंडी चौराहे पर प्रतिमा का जोरदार स्वागत किया गया। इसके पूर्व नगर के प्रतिष्ठित सुखचंद स्वदेशी के द्वारा बोली लगाकर अनावरण किया गया। मूर्ति जयपुर से बनकर तेंदूखेड़ा पहुंची है। तेंदूखेड़ा में मंडी सड़क मार्ग पर नवनिर्मित भव्य मंदिर में आगामी दिसम्बर माह में समारोह पूर्वक विधान के माध्यम से मूर्ति की प्रतिष्ठा की जायेगी। बरसते हुए पानी में भी श्रद्धालुओं का उत्साह नाचते हुए मंदिर परिसर तक देखने को मिला।

### मुख्य सड़क मार्गों के किनारे लग रही मटन की दुकानें

**तेंदूखेड़ा।** तेंदूखेड़ा में एक अलग से मटन मार्केट बनाया गया है। जिसमें अधिकांश दुकानें लगाई जा रही है। लेकिन कुछ दुकानदारों के द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 45 और गाडरवारा सड़क मार्ग के बीच में दुकानें लगाई जा रही है।इस कारण से मार्केट में दुकान खोलकर बैठे दुकान दारों पर ग्राहकी का अभाव देखने को मिल रहा है।ऐसी स्थिति में दुकानदारों ने एक लिखित आवेदन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को सौंपा गया है। जिसमें सभी दुकानों को मटन मार्केट में ही दुकान लगाने के लिए मांग रखी गई है। चूंकि मुख्य सड़क मार्गों के किनारे दुकानें लगने से आये दिन विभिन्न प्रकार की घटनाएं भी सामने आई हैं। एवं सड़क से निकलने वाले धार्मिक साधु संतों को भी यह नजारा देखकर परेशानी भी हुआ करती है। सड़क पर कुत्ते और पक्षी मंडराते रहते हैं।बाहन चालकों को परेशान होना पड़ता है। लोगों ने तत्काल प्रभाव से उक्त दुकानें हटाने की मांग की है।

### युवक को सर्प ने काटा

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस खेत में काम रहे युवक को सर्प ने काट लिया पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चमन पिता उमराव मेहरा उम्र 30 वर्ष निवासी बहोरीपार कला थाना स्टेशन गंज को खेत में काम करते समय सर्प ने काट लिया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर जहां पर उपचार जारी है।

### आशीष यादव का 24वीं जूनियर राष्ट्रीय वुशु स्पर्धा के लिए चयन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी के युवा वुशु खिलाड़ी आशीष यादव का हैदराबाद में होने वाली 24वीं जूनियर राष्ट्रीय वुशु स्पर्धा के लिए चयन हुआ है। इस कॉम्पिटीशन में वह मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह प्रतियोगिता 1 से 6 जुलाई तक गाचिबौवली स्टेडियम में होगी। वुशु कोच सोहन लाल सेन ने बताया कि आशीष ने जबलपुर में 2-3 मई को हुई राज्य स्तरीय वुशु स्पर्धा में यह उपलब्धि हासिल की। रानीताल इंडोर हॉल में हुई इस प्रतियोगिता में सिवनी के खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहा। टीम ने 11 स्वर्ण, 9 रजत और 3 कांस्य सहित कुल 23 पदक जीते।

### गार्डों व ठेकेदार की कार्यशैली पर भी संदेह

# अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था पर उठ रहे सवाल



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। बीते दिनो जिला अस्पताल में सरेआम छात्रा की हत्या के बाद जिला अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था एवं प्रशासन व्यवस्था पर लोगों द्वारा सवाल उठाया जा रहा है। वही घटना के दौरान मौजूद लोगों व स्टाफ पर भी टिप्पणी की जा रही है। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद जिन लोगों द्वारा वीडियों बनाया गया उनकी मानसिकता पर भी लोगों द्वारा रोष व्यक्त किया जा रहा है। वही उक्त घटना की पूरे प्रदेश मे चर्चा की जा रही है वही विभिन्न संगठनों द्वारा पीड़ति परिवार को न्याय दिलाने की बात कही जा रही है।**

### सुरक्षा व्यवस्था पर उठ रहे सवाल

जिला अस्पताल मे हुई छात्रा की हत्या के बाद अस्पताल प्रबंधन एवं जिला चिकित्सालय मे पदस्थ गार्डो पर भी लोगों द्वारा सवाल उठाया जा रहा है। ज्ञात हो कि लोगों की सुरक्षा के लिए जिला चिकित्सालय मे ठेकेदार के माध्यम से गार्डो की तैनाती की गई। जिससे जिला चिकित्सालय मे सुरक्षा व्यवस्था कायम रहे सके। लेकिन सुरक्षा गार्डो की तैनाती होने के बाद भी अस्पताल मे उक्त घटना का होना कई सवालों को जन्म दे रहा वही ठेकेदार की कार्यप्रणाली पर भी संदेह उत्पन्न होता है। बताया गया कि घटना के दौरान मौके पर ना तो गार्ड मौजूद थे और ना ही पुलिस कर्मी मौके पर थे।

### जिले मे बढ़ रहे अपराध

जिले मे पुलिस प्रशासन व्यवस्था को लेकर लोगों द्वारा टिप्पणी की जा रही हैं। वही आएदिन जिले मे अपराध बढ़ रहे है जिससे लोग चिंतित भी है। जिले मे बढ़त अपराध समाज के लिए खतरा बनते जा रहे है वही जिला अस्पताल जैसे संवेदनशील जगह में बिना किसी रोक टोक के आरोपी द्वारा आकर छात्रा पर प्रहार कर दिया। घटना के दौरान किसी भी व्यक्ति द्वारा आरोपी को रोका भी नही गया और ना ही कोशिश की गई। वही लोगों द्वारा कहा जा रहा है कि अपराधियों मे पुलिस का जरा भी खौफ नही है और ना ही उन्हे किसी प्रकार का कोई डर है।

### ब्राह्मण महिला एकता परिषद ने रखे विचार, बताया निंदनीय घटना



राष्ट्रीय महिला जागृति मंच एवं सर्व ब्राह्मण महिला एकता परिषद की कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक स्थापनीय जगतारिणी मंदिर मे आयोजित की गई। बैठक दौरान परिषद के सदस्यों द्वारा जिला अस्पताल मे हुई छात्रा की हत्या को लेकर अपराधियों के हौसले बुलंद होने पर अपने विचार रखे गए। ज्ञात हो कि जिले मे अपराधियों हौसले बुलंद है जो दिनदहाड़े अस्पताल जैसे संवेदनशील स्थान पर छात्रा की हत्या कर दी गई। अस्पताल परिसर में दिन दहाड़े एक बालिका की हत्या पर जिला प्रशासन, जिला चिकित्सालय की सुरक्षा व्यवस्था और लोगों की मर चुकी संवेदनाओं पर प्रश्न चिन्ह लगाया। जगत तारणी मंदिर में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विवेक पांडे ने कहा कि लोगों की संवेदनाएं मर चुकी हैं, वहां उपस्थित जनता चाहती तो इस घटना को टाला जा सकता था इस तरह की घटनाओं के तह में जाने की ज्यादा जरूरत है कि यह क्यों हो रहा है ऐसी घटनाएं सवालिया निशान खड़े करती हैं परवरिश पर, भटकती युवा पीढ़ी पर। आखिर कहां जाकर सब सही होगा। प्रदेश उपाध्यक्ष सुनंदा भट्ट ने कहा की ऐसी घटनाओं के बारे में आमजन का रवैया भी सही नहीं है, वहां उपस्थित जनता यदि त्वरित प्रतिक्रिया के तहत उस लड़के को पकड़ लेते तो शायद यह घटना ना होती। जिला अध्यक्ष ज्योति तिवारी ने रोष प्रकट किया, साथ ही जिला चिकित्सालय की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवालिया निशान खड़े किए । पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष संध्या कोठारी ने कहा अस्पताल परिसर में उस वक्त हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे लड़का गेट से चाकू लेकर निकला लोगों ने देखा और उसको नजर अंदाज कर दिया हर वार्ड में घूमता लड़का वहां के वार्ड बॉय एवं डॉक्टर की नजरों में भी आया लेकिन उन लोगों ने भी इस पर ध्यान नहीं दिया, इस तरह की घटनाएं आए दिन शहर में हो रही हैं किंतु इस हत्याकांड ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था को उजागर कर दिया है। सचिव नंदिता चैबे ने कहा कि लोग आगे आकर इस घटना पर विरोध या रोष प्रकट करने के बजाय इस बात की मंत्रणा कर रहे हैं की लड़की सही या गलत अब बात सही या गलत कि नहीं अपितु बच्चों की ,आम लोगों की सुरक्षा की बात है।

## लीनेस क्लब द्वारा किया गया चिकित्सकों को सम्मान



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस अंतरराष्ट्रीय डॉक्टर्स डे के उपलक्ष में लाइन्स क्लब द्वारा हम क्लब अध्यक्ष दिनेश ज्योति तिवारी की अध्यक्षता में डॉक्टर्स डे मनाया गया एवं शहर के प्रमुख डॉक्टर्स जिनमें प्रमुख रूप से डॉक्टर संजीव चांदोरकर, डॉक्टर के के साहू, डॉ आलोक काशिव, डॉक्टर जी सी दुबे, डॉ आशीष उपाध्याय एवं डॉक्टर कार्तिक साहू का सम्मान पुष्पमाला मोमेंटो एवं शॉल से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों को मंचासीन करने के उपरांत मां सरस्वती का पूजन वंदन किया गया इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत डॉक्टर शंकर सहर्ष के द्वारा किया गया। सभी डॉक्टर ने अपने उद्बोधन में प्रमुख रूप से एक ही बात एक मत होकर रखी की आज की लाइफस्टाइल बीमारी की ओर ले जाने वाली है लोग यदि सजगता से अपनी दिनचर्या में एक्सरसाइज एवं उचित खानपान को प्रमुखता दें तो अपने आप को स्वस्थ रख सकते हैं। क्योंकि दिनचर्या अव्यवस्थित होने पर बीमारी बढ़ने के चांसेस 80ः तक हो जाते हैं। अध्यक्ष लीनेस ज्योति तिवारी ने अपने उद्बोधन में डॉक्टर्स को कार्यक्रम में आने के लिए धन्यवाद दिया। बी ओ डी मेंबर लीनेस संध्या कोठारी ने द्वारा डॉक्टर के द्वारा उत्कृष्ट कार्यों के किए जाने के लिए बहुत साधुवाद दिया गया। डॉक्टर स्वाति चंदोकर ने विशेष उपस्थिति देकर क्लब के सेवा कार्यों की भूरि भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन लीनेस रचना त्रिवेदी एवं लीनेस नंदिता चौबे द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष लीनेस ज्योति पचौरी, भूतपूर्व अध्यक्ष लीनेस सुषमा तिवारी, लीनेस सुमन शर्मा, लीनेस कुसुम राजपूत ,लीनेस बलजीत कौर ,लीनेस ममता गुप्ता,लीनेस नीता शर्मा, लीनेस वत्सला त्रिवेदी, लीनेस सुषमा मिश्रा, लीनेस मनीषा टंडन, लीनेस अंजना दुबे, लीनेस दुर्गा राय की उपस्थिति रही। नीता शर्मा द्वारा आभार प्रदर्शित किया गया।

## पत्नी के हत्यारे पति को आजीवन कारावास

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** न्यायालय पंचम अपर सत्र न्यायाधीश वैभव सक्सेना के न्यायालय द्वारा हत्या के आरोपी परषोत्तम चैधरी उम्र 32 वर्ष आत्मज ओमकार चैधरी निवासी लाठगांव (पिपरिया) थाना गोटेगांव जिला नरसिंहपुर को भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) में दोषसिद्ध पाते हुये आजीवन कारावास एवं 1000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है। जिला मीडिया सेल प्रभारी द्वारा बताया गया कि पुलिस थाना गोटेगांव में ग्राम लाठगांव का ग्राम कोटवार द्वारा उपस्थित होकर इस आशय की सूचना दी कि सुबह करीब 09:30 बजे बस स्टेण्ड लाठगांव पर गांव के ओमकार चैधरी ने बताया कि करीब 9 बजे दिन में उसका लड़का परषोत्तम चैधरी ने बहू सावित्री को जान से मारकर भाग गया है बहु सावित्री मृत अवस्था में अपने घर के दहलान में पड़ी है। उसके बाद वह ओमकार व राजा चैधरी के साथ घर आकर देखे तो परषोत्तम चैधरी के घर की आंगन की दहलान में खून के धब्बे पड़े थे, मृतिका सावित्री का शव मृत अवस्था में दहलान में पड़ा था। मृतिका सावित्री की लड़की रचना ने बताई कि मम्मी पापा की लड़ाई हो गई थी, पापा ने सब्बल से मम्मी को पेट सिर में मारा जिससे उसकी मम्मी जमीन पर गिर गई, फिर पापा ने मम्मी के सिर, माथे, चेहरे में कई बार सब्बल मारे तो उसकी मम्मी को चोट लगकर खून निकलने लगा था तो वह रोते हुये घर से चली गई थी। मृतिका सावित्री चैधरी को उसके पति परषोत्तम ने सब्बल से सिर माथा, चेहरा पर मारा जिससे गंभीर चोटें आकर खून निकला, जिससे सावित्री की मृत्यु हो गई है। सूचनाकर्ता की उक्त सूचना पर थाना गोटेगांव में मर्ग एवं देहाती नालसी लेखबद्ध की गई। मर्ग जांच के दौरान घटना स्थल का निरीक्षण किया गया गवाहों के समक्ष घटनास्थल का नजरी नक्शा तैयार किया एवं आरोपी के मेमोरेण्डम कथन लिए जिसमें उसने बताया कि मुझे अपनी पत्नि सावित्री पर पहले से चरित्र पर शक था, इसके पहले भी कहीं चली गई थी, रात में घर आई थी इसी बात को लेकर दोनों में झगड़ा हुआ जिससे मैंने पत्नि सावित्री को लोहे की सब्बल से पेट व सिर में मारा तो वह गिर गई फिर मैंने सब्बल से पत्नि सावित्री के चेहरा और सिर में कई बार मारा जिससे सावित्री मर गई। मामले की समस्त आवश्यक अनुसंधान कार्यवाही की जाकर विवेचना के दौरान थाना गोटेगांव में असल अपराध पंजीबद्ध कर मामले को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय में शासन की ओर से मामले की पैरवी सहायक निदेशक अभियोजन नरसिंहपुर रामकुमार पटेल के निर्देशन में सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी, इंद्रमणि गुप्ता द्वारा की गई। अभियोजन के द्वारा साक्षियों का परीक्षण कराया गया तत्पश्चात मौखिक तर्क प्रस्तुत किये गये जिनसे सहमत होते हुए न्यायालय द्वारा आरोपी परषोत्तम चैधरी को भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 (1) में दोषसिद्ध पाते हुये आजीवन कारावास एवं 1000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है।

## प्राचार्य को सेवानिवृत्त होने पर दी विदाई



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बम्होरी कला की प्राचार्य श्रीमती मुमताज खान अपनी अधिवार्षिकी पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गईं। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में भव्य विदाभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ, पालक, शिक्षक और क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे। समारोह में श्रीमती मुमताज खान ने अपने जीवन के अनुभवों को साझा करते हुए उपस्थित सभी लोगों को कठिन परिश्रम के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि जीवन में परिस्थितियाँ चाहे कैसी भी हों, हमें अपने कर्तव्य पथ पर निरंतर श्रेष्ठ कार्य करते रहना चाहिए, क्योंकि यही सफलता की कुंजी है। उनके ये शब्द छात्रों, पालकों और शिक्षकों के लिए प्रेरणा का स्रोत बने। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, प्राचार्य सुशील शर्मा ने श्रीमती मुमताज खान मैडम के साथ अपने शिक्षकीय जीवन की यादें ताजा कीं। उन्होंने मुमताज खान को एक कर्मठ और संघर्षशील महिला निरूपित करते हुए उनके योगदानों की सराहना की। विभिन्न वक्ताओं ने भी मैडम के शासकीय सेवा के दौरान किए गए विभिन्न श्रेष्ठतम कार्यों का उल्लेख किया और सभी को उनके समर्पण से अवगत कराया। कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य सुशील कुमार शर्मा, सरपंच प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह पटेल, मंडल उपाध्यक्ष मूरत सिंह पटेल, सुरेंद्र सिंह पटेल, विनोद गुप्ता अनूप कुमार शर्मा, योगेंद्र झारिया, जनशिक्षक सुरेंद्र सिंह राजपूत, अवधेश सिंह पटेल, बनवारी लाल नागवंशी, अफसार खान सहित शिक्षक पुरुषोत्तम मेहरा, प्रसन्न कुमार दुबे, बंसीलाल अहिरवार, हल्के वीर पटेल, दीपिका पटेल, शबनम निशा आदि उपस्थित रहे।






## मछली का परिवहन कर उत्तर प्रदेश भेजा जा रहा था, पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

1 जुलाई मंगलवार की दोपहर यातायात थाना प्रभारी विजय बघेल के नेतृत्व में अधीनस्थ कर्मचारियों ने चैकिंग के दौरान छिंदवाड़ा रोड ब्रिज के नीचे पिकअप वाहन जो की वाहन में परिवर्तन कर चलाया जा रहा था, पर चलानी कार्यवाही की गई। वाहन क्रमांक यूपी 67 बीटी 1617 में मछली का परिवहन कर उत्तरप्रदेश भेजा जा रहा था। जांच में वाहन के अगले हिस्से में खतरनाक तरीके से लगे पाइप से दुर्घटना के दौरान लोगों के गंभीर रूप से हताहत होने की संभावना को देखते हुए वाहन मालिक पर पांच हजार रुपये का जुर्माना यातायात पुलिस द्वारा किया गया। वाहन में प्रतिबंधित अवधि में मछली परिवहन होने की जानकारी संज्ञान में आने पर पिकअप वाहन को आगे की कार्रवाई के लिए मत्स्य विभाग सिवनी की उपसंचालक मती हिमानी उईके के सुपुर्द कर दिया गया है। कार्रवाई में यातायात थाना प्रभारी के एएसआई प्यारे लाल परतेती इत्यादि शामिल रहे।

## पांच की रसीद, 20 रूपये की वसूली नगरपालिका सिवनी का अजीबोगरीब कारनामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

**नगर पालिका के द्वारा बाजार नीलामी की गई ठेकेदारों ने नीलामी में बाजार ली जिसका एक निर्धारित शुल्क दुकानदारों से लेने के लिए आवंटन किया गया। लेकिन इन दिनों नगर पालिका सिवनी के ठेकेदारों के द्वारा हाथ ठेला व्यापारियों से अत्यधिक शुल्क वसूला जा रहा है।**

सूत्रों की माने तो इन ठेकेदार के कर्मचारियों के द्वारा 5 की रसीद काटकर दी जाती है और बदले में प्रत्येक दुकानदार से 20 लिया जाता है प्रश्न यह उठता है कि आखिर रसीद 5 की और दुकानदारों से 20 लेना कितना उचित है इसकी जानकारी ठेकेदार को है या नहीं इसकी जानकारी नगर पालिका के आल्हा अधिकारियों को है या नहीं यह हमें नहीं मालूम लेकिन दुकानदार के द्वारा अत्यधिक शुल्क वसूली की जाना यह गलत है यदि नगर पालिका के द्वारा प्रत्येक दुकानदार से 20 का शुल्क लिया जाना है तो रसीद भी 20 की देनी चाहिए यहां संबंधित अधिकारियों को इस पर कार्रवाई करना चाहिए।

### इनका कहना है

जिला चिकित्सालय के सामने हाथ ठेला व्यवसाय करने वाले मुकेश सेन ने बताया कि प्रतिदिन नगर पालिका शिवनी के ठेकेदारों के द्वारा रुपए 5 की रसीद काट के दी जाती है और बदले में 20 ठेकेदार के कर्मचारियों के द्वारा हमसे लिया जाता है।

**मुकेश सेन**
**हाथ ठेला संचालक, सिवनी**

आपके द्वारा मामला संज्ञान में लाया गया है नियम अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

**सीएमओ विशाल मर्सकोले**

## नव भारत साक्षरता के तहत प्रशिक्षण



**तेंदूखेड़ा।** विकासखंड चांवरपाठा में नव भारत साक्षरता अभियान के अंतर्गत विकास खण्ड स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया । प्रथम चरण में संकुल प्राचार्य जनशिक्षक एवं संकुल समन्वयक साक्षरता को प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर एवं विकासखंड साक्षरता समन्वयक कमलेश श्रीवास्तव द्वारा प्रदान किया गया। समस्त जनशिक्षा केंद्रों के ग्रामों से उपस्थित हुए नोडल अधिकारी प्रधानपाठको को दो दिवस नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के संपूर्ण क्रियान्वयन हेतु संबंधित जनशिक्षक एवं संकुल समन्वयक साक्षरता द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के समापन अवसर उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य के पी सायलवार ने शिक्षकों को सकारात्मक रूप से कार्य करने हेतु प्रेरित किया। पूर्व बी आर सी राजेश सेन ने साक्षरता के मूलभूत बिंदुओं पर प्रकाश डाला। विकास खण्ड स्त्रोत समन्वयक सुनील श्रीवास्तव ने कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी शिक्षकों से साक्षरता के ग्रामवार लक्ष्य की प्राप्ति हेतु निर्धारित समय सीमा में सर्वे पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। कार्यक्रम का संचालन सतीश शर्मा सिहोरा द्वारा किया गया। विकासखंड की शालाओं से उपस्थित हुए प्रधानपाठक नोडल अधिकारी शिक्षकों को नव भारत साक्षरता अभियान के सफल संचालन हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए।